Maharshi Dayanand University Rohtak
March 10 at 4:56 PM ·

रोहतक, 10 मार्च। कार्यालयी कामकाज को सरल, सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए कर्मियों को प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग के अध्यक्ष तथा डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने आज एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कालेज द्वारा- आईटी स्किल्ज फॉर नॉन टीचिंग स्टाफ विषयक ट्रेनिंग सत्र में बतौर रिसोर्स पर्सन व्यक्त किए।
आईएचटीएम के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस ट्रेनिंग सत्र में प्रो. नसीब सिंह गिल ने अपने प्रभावी संबोधन में कार्यालयी कामकाज में आईटी की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। प्रो. नसीब सिंह गिल ने कहा कि एनईपी 2020 में आईटी बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस करने पर बल दिया गया है, ऐसे में शिक्षण संस्थानों की कार्यालयी कार्यप्रणाली को भी आईडी बेस्ड होना होगा। उन्होंने कामकाज में आईटी टूल्स की सही जानकारी एवं उसके प्रभावी इस्तेमाल के तौर-तरीकों को नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ सांझा किया और इसमें महारत हासिल करने का आह्वान किया।
वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने लेखांकन कार्यों में आईटी के प्रभावी उपयोग बारे बताया। मुकेश भट्ट ने कार्यालयी वित्त प्रबंधन एवं आईटी टूल्स के सही क्रियान्वयन बारे भी व्यावहारिक जानकारी दी। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा अंत में आभार जताया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के डिप्टी कोआर्डिनेटर नितिन सिवाच ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में एमडीयू के विभिन्न कार्यालयों एवं विभागों में कार्यरत नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य शामिल हुए।


M.D.U. Rohtak




Incredible India
Incredible India


Incredible India

J-148-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication ..... हरिभूमि (रोहतक भूमि) .....

Date ..... 11/3/2023 ..... Page ..... 12 ..... Column ..... 3-6 .....

Subject ..... कर्मियों को प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा .....

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग सत्र का आयोजन

# कर्मियों को प्रौद्योगिकी को अपनाना होगाः प्रो. गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कार्यालयी कामकाज को सरल, सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए कर्मियों को प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। यह कहना है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग के अध्यक्ष तथा डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल का।

प्रो. गिल शुक्रवार को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कालेज द्वारा-आईटी स्किल्ज फॉर नॉन टीचिंग स्टाफ विषयक ट्रेनिंग सत्र में बतौर रिसोर्स पर्सन संबोधन दे रहे थे। आईएचटीएम के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस ट्रेनिंग सत्र में प्रो. नसीब सिंह गिल ने अपने प्रभावी संबोधन में कार्यालयी कामकाज में आईटी की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। प्रो. नसीब सिंह गिल ने कहा कि एनईपी 2020 में आईटी बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस करने पर बल दिया गया है, ऐसे में शिक्षण संस्थानों की कार्यालयी कार्यप्रणाली को भी आईडी बेस्ड होना होगा। उन्होंने कामकाज में आईटी टूल्स की सही जानकारी एवं उसके प्रभावी इस्तेमाल के तौर-तरीकों को नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ सांझा किया और इसमें महारत हासिल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने लेखांकन कार्यों में आईटी के प्रभावी उपयोग बारे बताया। मुकेश भट्ट ने कार्यालयी वित्त प्रबंधन एवं आईटी टूल्स के सही क्रियान्वयन बारे भी व्यावहारिक जानकारी दी। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा अंत में आभार जताया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के डिप्टी कोआर्डिनेटर नितिन सिवाच ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग दिया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग के अध्यक्ष प्रो. नसीब सिंह गिल।

■ प्रो. नसीब सिंह गिल ने कहा कि एनईपी 2020 में आईटी बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस करने पर बल दिया गया है

(7)

J-148-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication ....दै. भास्कर (रोहतक भास्कर)....

Date ....11/3/2023.... Page ....3.... Column....6-7....

Subject ....कामकाज को प्रभावी बनाने के लिए....

# कामकाज को प्रभावी बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा : प्रो. गिल



कार्यालयी कामकाज में आईटी की महत्ता पर विस्तार से जानकारी देते हुए।

भास्कर न्यूज | रोहतक

दफ्तर के कामकाज को सरल, सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए कर्मियों को प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। यह विचार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशंज विभाग के अध्यक्ष व डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने शुक्रवार को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कालेज की ओर से आईटी स्किल्ज फॉर नॉन टीचिंग स्टाफ विषयक ट्रेनिंग सत्र में बतौर रिसोर्स पर्सन व्यक्त किए। आईएचटीएम के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस ट्रेनिंग सत्र में प्रो. गिल ने कार्यालयी कामकाज में आईटी की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 में आईटी बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस करने पर बल दिया गया है, ऐसे में शिक्षण संस्थानों की कार्यालयी कार्यप्रणाली को भी आईडी बेस्ड होना होगा। उन्होंने कामकाज में आईटी टूल्स की सही जानकारी एवं उसके प्रभावी इस्तेमाल के तौर-तरीकों को नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ सांझा किया और इसमें महारत हासिल करने का आह्वान किया। वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने लेखांकन कार्यों में आईटी के प्रभावी उपयोग बारे बताया। भट्ट ने कार्यालयी वित्त प्रबंधन एवं आईटी टूल्स के सही क्रियान्वयन बारे भी व्यावहारिक जानकारी दी। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में एमडीयू के विभिन्न कार्यालयों एवं विभागों में कार्यरत नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य शामिल हुए।

(6)

J-148-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication ........ रोहतक केसरी (पंजाब केसरी)
Date ....11/3/2023.......... Page ....11.......... Column....6-8....
Subject ........ कामकाज को सरल बनाने के लेख....

# कामकाज को सरल बनाने के लिए कर्मचारियों को प्रौद्योगिकी को अपना होगा: प्रो. गिल

रोहतक, 10 मार्च (पंकेस) : कार्यालयी कामकाज को सरल, सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए कर्मियों को प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा।

यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग के अध्यक्ष तथा डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने शुक्रवार को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कालेज द्वारा आई.टी. स्किल्ज फॉर नॉन टीचिंग स्टाफ विषयक ट्रेनिंग सत्र में बतौर रिसोर्स पर्सन व्यक्त किए। आई.एच.टी.एम. के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस ट्रेनिंग सत्र में प्रो. गिल ने कार्यालयी कामकाज में आई.टी. की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एन.ई.पी. 2020 में आई.टी. बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस करने पर बल दिया गया है, ऐसे में शिक्षण संस्थानों की कार्यालयी कार्यप्रणाली को भी आई.डी. बेस्ड होना होगा। उन्होंने कामकाज में आई.टी. टूल्स की सही जानकारी एवं उसके प्रभावी इस्तेमाल के तौर-तरीकों को नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ सांझा किया और इसमें महारत हासिल करने का आह्वान किया। वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने लेखांकन कार्यों में आईटी के प्रभावी उपयोग बारे बताया। मुकेश भट्ट ने कार्यालयी वित्त प्रबंधन एवं आईटी टूल्स के सही क्रियान्वयन बारे भी व्यावहारिक जानकारी दी। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा अंत में आभार जताया।





*कार्यक्रम में अपने विचार रखते प्रो. गिल व कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।*

एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के डिप्टी कोआर्डिनेटर नितिन सिवाच ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में एमडीयू के विभिन्न कार्यालयों एवं विभागों में कार्यरत नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य शामिल हुए।

(5)

J-148-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office


Name of the Publication: दैनिक जागरण (जागरण सिटी)

Date: 11/8/2023 Page: 10 Column: 1-5

Subject: कार्यालयी कामकाज में आईटी का खास महत्व

मदवि के आइएचटीएम के कांफ्रेंस हाल में ट्रेनिंग सत्र में डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल बोले

# कार्यालयी कामकाज में आइटी का खास महत्व



एमडीयू के आइएचटीएम में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। संबोधित करते प्रो. नसीब सिंह गिल। ● सौजन्य पीआरओ

जागरण संवाददाता, रोहतक : कार्यालयी कामकाज को सरल, सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए कर्मियों को प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। यह उद्‌गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग के अध्यक्ष तथा डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने व्यक्त किए। वे शुक्रवार को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज द्वारा-आइटी स्किल्ज फार नान टीचिंग स्टाफ विषयक ट्रेनिंग सत्र में बतौर रिसोर्स पर्सन बोल रहे थे।

आइएचटीएम के कांफ्रेंस हाल में आयोजित इस ट्रेनिंग सत्र में प्रो. नसीब सिंह गिल ने अपने प्रभावी संबोधन में कार्यालयी कामकाज में आइटी की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। प्रो. नसीब सिंह गिल ने कहा कि एनईपी 2020 में आइटी बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस करने पर बल दिया गया है, ऐसे में शिक्षण संस्थानों की कार्यालयी कार्यप्रणाली को भी आइडी बेस्ड होना होगा। उन्होंने कामकाज में आइटी टूल्स की सही जानकारी एवं उसके प्रभावी इस्तेमाल के तौर-तरीकों को नान टीचिंग स्टाफ के साथ साझा किया और इसमें महारत हासिल करने का आह्वान किया।

वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने लेखांकन कार्यों में आइटी के प्रभावी उपयोग बारे बताया। मुकेश भट्ट ने कार्यालयी वित्त प्रबंधन एवं आइटी टूल्स के सही क्रियान्वयन बारे भी व्यावहारिक जानकारी दी। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह दुल ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा अंत में आभार जताया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के डिप्टी कोआर्डिनेटर नितिन सिवाच ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में एमडीयू के विभिन्न कार्यालयों एवं विभागों में कार्यरत नान टीचिंग स्टाफ सदस्य शामिल हुए।

(9)

J-148-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication: अमर उजाला (रोहतक My City)

Date: 11/3/2023 Page: 04 Column: 1-2

Subject: आईटी बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस की जरूरत

## आईटी बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस की जरूरत

**रोहतक।** कार्यालय के कामकाज को सरल, सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए कर्मियों को प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। यह कहना है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशंस विभाग के अध्यक्ष व डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल का। वे शुक्रवार को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कालेज की ओर से आईटी स्किल्ज फॉर नॉन टीचिंग स्टाफ विषय पर ट्रेनिंग सत्र में बतौर रिसोर्स पर्सन बोल रहे थे। आईएचटीएम के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस ट्रेनिंग सत्र में प्रो. नसीब सिंह गिल ने कार्यालयी कामकाज में आईटी की महता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 में आईटी बेस्ड शिक्षा पर विशेष फोकस करने पर बल दिया गया है। ऐसे में शिक्षण संस्थानों की कार्यालयी कार्यप्रणाली को भी आईडी बेस्ड होना होगा। उन्होंने कामकाज में आईटी टूल्स की सही जानकारी एवं उसके प्रभावी इस्तेमाल के तौर-तरीकों को नॉन टीचिंग स्टाफ के साथ सांझा किया व इसमें महारत हासिल करने का आह्वान किया। वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने लेखांकन कार्यों में आईटी के प्रभावी उपयोग सुझाए। उन्होंने कार्यालयी वित्त प्रबंधन एवं आईटी टूल्स के सही क्रियान्वयन की भी व्यावहारिक जानकारी दी। संवाद